# प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्ट

**5 days "Art of Supervision of investigation for senior officers"**

दिनांक **18-04-2022 से 22-04-2022**

# राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर।

राजस्थान पुलिस अकादमी में दिनांक **18-04-2022** से **22-04-2022** तक **"Art of Supervision of investigation for senior officers"** विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम वर्चुअल कक्ष में आयोजित किया गया। राजस्थान पुलिस अकादमी के सहायक निदेशक श्री रेवन्त दान, सहायक निदेशक इण्डोर आरपीए जयपुर के निर्देशन में प्रबुद्ध वक्ताओं को व्याख्यान देने हेतु आमंत्रित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न जिलों से 18 प्रतिभागियों जिसमें 01 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, 17 उप अधीक्षक पुलिस ने भाग लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन 10:00-10:15 AM तक पंजीकरण एवं कोर्स निदेशक द्वारा कोर्स का परिचय करवाया गया। प्रथम सत्र में श्री अजय लाम्बा, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (प्रथम), पुलिस आयुक्तालय, जयपुर ने नागरिक केंद्रित पुलिसिंग: सर्वोत्तम अभ्यास सेवा वितरण पहलु पर विस्तार से बताया। द्वितीय सत्र में श्री शरत कविराज, महानिरीक्षक पुलिस, एससीआरबी, जयपुर ने राजस्थान पुलिस में कम्प्यूटरीकरण पर व्याख्यान दिया। तृतीय सत्र में श्री विश्वास भारद्वाज, सहायक निदेशक कंप्यूटर विभाग एफएसएल, जयपुर ने साइबर अपराध के मामलों में डिजिटल साक्ष्य को संभालने के लिए एसओपी पर व्याख्यान दिया।

द्वितीय दिन के प्रथम सत्र में श्री हरिप्रसाद शर्मा, (सेवानिवृत्त) महानिरीक्षक पुलिस, अध्यक्ष (आरएसएमएसएसबी) ने पुलिस व्यवहार सार्वजनिक धारणा बनाम वास्तविकता पर व्याख्यान दिया। द्वितीय सत्र में डॉ. अजय शर्मा, निदेशक, एफएसएल ने विशेषज्ञ राय प्राप्त करने में फोरेंसिक विज्ञान और पर्यवेक्षण

की भूमिका पर व्याख्यान दिया। तृतीय सत्र में श्री रमेश चौधरी, पीओ, आरपीए, जयपुर ने अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अधिनियम में नवीनतम संशोधन जांच से संबंधित ताजा फैसले पर व्याख्यान दिया।

तृतीय दिन के प्रथम सत्र में श्री धीरज वर्मा, पुलिस निरीक्षक, आरपीए, जयपुर ने महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित मामलों की जांच से संबंधित कानूनी प्रावधान-नवीनतम संशोधन पर विस्तार से बताया। द्वितीय सत्र में श्री मनीष अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक, जयपुर ग्रामीण, ने पर्यवेक्षी नोट जारी करना और जांच की अनुवर्ती कार्रवाई पर विस्तार से चर्चा की। तृतीय सत्र में श्री उत्कर्ष द्विवेदी एडवोकेट राज. उच्च न्यायालय जयपुर ने आरटीआई का अवलोकन पर विस्तार से बताया।

चतुर्थ दिन के प्रथम सत्र में श्री राहुल कटाकी, आईपीएस डीआईजी सीआईडी (सीबी) पीएचक्यू जयपुर ने स्मार्ट कार्यालय प्रबंधन और निर्णय लेना पर विस्तार से चर्चा की। द्वितीय सत्र में श्री राहुल प्रकाश, आईपीएस, अति0 पुलिस आयुक्त (I) पुलिस आयुक्तालय, जयपुर ने नेतृत्व और टीम बिल्डिंग पर विस्तार से बताया। तृतीय सत्र में श्री निशीत दीक्षित, साइबर अपराध विशेषज्ञ ने आईटी अधिनियम का अवलोकन और डिजिटल साक्ष्य का संग्रह पर विस्तार से बताया।

पंचम दिन के प्रथम सत्र में श्री उमेश चंद्र दत्ता, महानिरीक्षक पुलिस, जयपुर रेंज जयपुर ने प्रमुख कानून और व्यवस्था की स्थिति को संभालने पर व्याख्यान दिया। द्वितीय सत्र में श्री बिरदी चंद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सेवानिवृत्त) ने पर्यवेक्षण की कला पर विस्तार से चर्चा की। कोर्स के समापन में श्री अशोक गुप्ता, उप महानिरीक्षक पुलिस, पीएमडब्ल्यू, राजस्थान, जयपुर ने कोर्स से सम्बन्धित चर्चा की एवं चर्चा के पश्चात प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। समापन सत्र के अन्त में धन्यवाद ज्ञापित किया गया। तत्पश्चात कोर्स विधिवत सम्पन्न हुआ।

**हस्ताक्षर**
**कोर्स निदेशक**